# कार्यालय-जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद-अमेठी

पत्रांकः—समग्र शिक्षा / के0जी0बी0वी0 / 2628 / 2025—26 दिनांक— 09 जनवरी, 2026

## विज्ञप्ति / सूचना

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ के पत्रांकः—के0जी0बी0वी0 / 7562 / 2025—26 दिनाकंः—31.12.2025 के क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर चयन / पदस्थापन किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं जो **विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या—13553 / 2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या** व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कर्मियों के नवीन चयन / पदस्थापन / संविदा के सम्बन्ध में राज्य परियोजना निदेशक, लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0 / शिक्षक / 8362 / 2020—21 दिनांकः 04.01.2021 के साथ संलग्न, अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन पत्रांक संख्या—1553 / 68—5—2020 दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन दिनांक—08. 01.2026 के अनुपालन में जनपद अमेठी में संचालित 13 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में **(कक्षा 6 से 8 तक)** शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से शैक्षिक सत्र 2025—26 के लिए संविदा पर कार्य करने हेतु पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर रिक्त पदों की आवश्यकता का विवरण एवं अर्हता निम्नवत् है—

| क्र सं | पद नाम व विषय | आयु 01.04. 2025 | कुल रिक्त पद | आरक्षित रिक्त पदों की संख्या | मानदेय | अनिवार्य शैक्षिक व प्रशिक्षण अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका गणित | 25—45 | 05 | अनारक्षित—02<br>अनु0जाति—02<br>EWS-01 | 25410/- प्रतिमाह | गणित (P.C.M.) वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 / एल0टी0 / समकक्ष एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका विज्ञान | 25—45 | 03 | अनारक्षित—01<br>अनु0जाति—01<br>EWS-01 | 25410/- प्रतिमाह | विज्ञान (Z.B.C.) वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 / एल0टी0 / समकक्ष एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0 ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका हिन्दी / संस्कृत | 25—45 | 02 | अनारक्षित—01<br>EWS-01 | 25410/- प्रतिमाह | भाषा (हिन्दी एवं संस्कृत) से प्रशिक्षित स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड / एल0टी0 / समकक्ष एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा | 25—45 | 01 | EWS-01 | 12790/- प्रतिमाह | बी0पी0एड0 / सी0पी0एड0 / डी0पी0एड0 / एन0सी0 टी0ई0 से मान्य प्रशिक्षित स्नातक उपाधि। |
| 5 | अंशकालिक शिक्षिका कम्प्यूटर शिक्षक | 25—45 | 04 | अनारक्षित—02<br>अनु0जाति—02 | 12790/- प्रतिमाह | एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 / समकक्ष एल0 टी0 इसके अतिरिक्त पी0जी0डी0सी0ए0 / बी0सी0ए0 / बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइन्स अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल / ए0 लेवल डिप्लोमा। |
| 6 | चौकीदार | 25—45 | 01 | EWS-01 | 7505/- प्रतिमाह | कक्षा—8 उत्तीर्ण। |
| 7 | सहायक रसोईयां | 25—45 | 06 | अनारक्षित—02<br>अनु0जाति—02<br>EWS-02 | 6755/- प्रतिमाह | कक्षा—8 उत्तीर्ण। |
| | | योग— | 22 | | | |

आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से सेवा में, कार्यालय—जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सैठा रोड, निकट आर0टी0ओ0 ऑफिस, गौरीगंज, जनपद—अमेठी पिन कोड—227409 के कार्यालय में इस प्रकार से प्रेषित किया जाय कि आवेदन पत्र निर्धारित तिथि दिनांक—24.01.2026 को सायं 05:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाय। साधारण डाक से दस्ती के रूप में एवं निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **सभी पदों पर केवल महिला अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकती है।** उक्त विज्ञप्ति एवं मय प्रारूप **www.amethi.nic.in** पर विस्तृत रूप से उपलब्ध है।

(संजय तिवारी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद—अमेठी।